## वारदात में शामिल एक आरोपी पकड़ा, बाकी की तलाश जारी

# सोना कारोबारी की चाकू मारकर हत्या कमरे से मिले साढ़े 39 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



करोल बाग इलाके में सोने का कारोबार करने वाले एक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात बुधवार देर रात सामने आई। मृतक का नाम प्रताप जाधव बताया गया है। वह मूलरुप से महाराष्ट्र के रहने वाले थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय मोर्चरी भेज कार्रवाई करते हुये एक आरोपी को पकड़ लिया है। अन्य की तलाश जारी है। वहीं बताया जाता है कि जिस कमरे में कारोबारी की लाश मिली उसमें साढ़े 39 लाख रुपये कैश भी बरामद हुये हैं।

डीसीपी सेंट्रल संजय कुमार सेन के अनुसार रात 10:45 पर इस वारदात की सूचना मिली थी। बताया गया कि एक शख्स को चाकू मार दिया गया है। पुलिस मौके पर बिड़नपुरा कॉलोनी स्थित एक मकान की तीसरी मंजिल पर पहुंची। वहां खून से लथपथ हालत में शख्स मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उसकी पहचान महाराष्ट्र के सोना कारोबारी प्रताप जाधव के तौर पर हुई। मौके पर क्राइम और एफएसएल की टीम को बुलाकर जांच करायी गई। छानबीन में पता चला कि वारदात स्थल से ही वह ज्वेलर्स के पास सोने की डिलीवरी पहुंचाता था। उस कमरे से 39 लाख 50 हजार रुपये कैश भी पुलिस ने बरामद किया हैं। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज चैक की गई, जिसमें चार संदिग्ध लोग नजर आए। इनमें दो आरोपी की पहचान करने का दावा पुलिस कर रही है। इनके नाम गणेश और सुदीप बताये जा रहे हैं। दोनों कारोबारी के यहां ही काम करते हैं। सुदीप कर्नाटक का रहने वाला है। उसे पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से दबोच लिया है। बाकी तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

### नाबालिग की पड़ोसी ने चाकू मार कर दी हत्या

■ पुलिस ने वारदात में शामिल दोनों आरोपी भाईयों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में 17 साल के एक किशोर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। इस वारदात को उसी के पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाईयों ने अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपी भाईयों को पकड़ लिया है। इनमें एक नाबालिग है। मृतक का नाम राहुल बताया गया है। उसके शरीर पर एक दर्जन से ज्यादा चाकू के निशान मिले हैं। आरोपी और मृतक परिवार का करीब एक साल से छोटी छोटी बातों को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। पुलिस के मुताबिक राहुल गली नंबर 25 बी, स्वतंत्र नगर नरेला में रहता था। बुधवार देर रात करीब सवा दो बजे एक लड़के को चाकू मारे जाने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो घायल खून से लथपथ मिला। उसे अचेत हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जांच में पता चला कि देर रात राहुल के घर के बाहर एक नशेड़ी शोर मचा रहा था। राहुल उसे भगाने की कोशिश कर रहा था। शोर शराबा सुनकर राहुल के पड़ोसी दो सगे भाई वहां आ गए। वे शोर शराबे को लेकर राहुल के साथ गाली गलौच करने लगे। इस दौरान एक पड़ोसी युवक ने राहुल पर चाकू से हमला कर दिया। राहुल जान बचाकर भागा तो उसके पीछे दौड़कर फिर से कई बार हमला किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपी भाईयों को पकड़ लिया है। एक का नाम दीपक (22) है। दूसरे की उम्र 17 वर्ष है। इनके पिता का नाम संजय कुमार बताया गया है। चाकू से हमला करने का आरोप दीपक पर है।

## सेंट स्टीफंस कॉलेज को अल्पसंख्यक सीट पर दाखिले के लिए साक्षात्कार आयोजित करने का निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंट स्टीफेंस कॉलेज को विश्वविद्यालय की साझा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक को ध्यान में रखने के अलावा अल्पसंख्यक कोटे के तहत छात्रों को प्रवेश देने के लिए साक्षात्कार आयोजित करने की अनुमति दी है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसी तरह जीसस एंड मैरी कॉलेज को भी अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षित सीटों को लेकर साक्षात्कार आयोजित करने की अनुमति दी है। अदालत का आदेश दो अल्पसंख्यक कॉलेजों द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद के आठ दिसंबर, 2022 के फैसले पर रोक लगाने के आवेदनों पर आया। फैसले में अल्पसंख्यक आरक्षण के तहत दाखिले के लिए विश्वविद्यालयी सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2023 में प्राप्त अंकों को 100 प्रतिशत वरीयता के आधार पर दाखिला देने पर जोर दिया गया था। अधिसूचना को चुनौती देते हुए कॉलेजों ने याचिकाएं दायर की थीं।दोनों कॉलेजों की याचिकाओं के अलावा अदालत ने सेंट स्टीफंस कॉलेज में अल्पसंख्यक छात्रों के लिए सीयूईटी से इतर साक्षात्कार आयोजित करने के खिलाफ शेरोन एन जॉर्ज नामक महिला की याचिका पर भी आदेश पारित किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पूर्व के फैसले में वह पहले ही इस बात पर चर्चा कर चुकी है कि डीयू किस हद तक अल्पसंख्यक छात्रों के प्रवेश को नियमित कर सकता है और फैसला सुनाया कि सेंट स्टीफंस अल्पसंख्यक छात्रों को सीयूईटी में प्राप्त अंकों के 85 प्रतिशत और साक्षात्कार से प्राप्त अंकों के 15 प्रतिशत के आधार पर दाखिला दे सकता है। लेकिन गैर-अल्पसंख्यक छात्रों के लिए यह सुविधा नहीं होगी।


**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in
30 जून 2023 को समाप्त प्रथम तिमाही हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार
[ सेबी ( एलओडीआर ) नियमनों, 2015 के नियमन 47( 1 )( बी ) देखें ]
( रु. लाखों में )

| क्र. सं. | विवरण | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही | 31 मार्च 2023 को समाप्त पूर्ववर्ती तिमाही (टिप्पणी सं. 2 देखें) | 30 जून 2022 को समाप्त अनुकूल तिमाही | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 17.700 | (7.518) | (1.884) | 32.983 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 14.017 | (13.231) | (5.256) | 18.137 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 14.017 | (13.231) | (5.256) | 18.137 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 14.017 | (13.231) | (5.256) | 18.370 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 14.017 | (13.231) | (5.256) | 18.370 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 211.750 | 211.750 | 211.750 | 211.750 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 319.600 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (समाप्त वर्ष को छोड़कर वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | 0.662 | (0.625) | (0.248) | 0.868 |

टिप्पणी : 1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं। 2) 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही हेतु आंकड़े वित्तीय वर्ष 2022-23 की तृतीय तिमाही तक वर्ष से तिथि आंकड़े और 31 मार्च, 2023 को समाप्त पूर्ण वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में अंकेक्षित आंकड़ों के बीच बैलेंसिंग आंकड़े है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
डीआईएन : 07526355

दिनांक : 27 जुलाई, 2023
स्थान : दिल्ली


### फायरिंग में दो लोग घायल, हालत खतरे से बाहर

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के हजरत निजामुद्दीन एरिया में बुधवार रात फायरिंग की घटना में दो लोग घायल हुये हैं। राजू और मोहम्मद कलाम नामक दोनों घायलों को इलाज के लिये एम्स और सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दोनों ही हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस केस दर्ज कर हमलावर की तलाश में जुटी है। डीसीपी राजेश देव के अनुसार एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें बताया गया कि किट केयर रेस्टोरेंट के पास एक लड़के ने एक शख्स पर तीन राउंड फायरिंग की है। इस कॉल के मिलते ही एसआई रवि प्रकाश तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां पता चला कि घायल को पहले ही अस्पताल पहुंचाया जा चुका है। आईओ ने घायल मोहम्मद कमाल (35) पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी टी-383, बस्ती हजरत निजामुद्दीन की एमएलसी एम्स ट्रॉमा सेंटर से और घायल राजू (45) पुत्र रतन लाल निवासी बी-531, अल्वी चौक, हजरत निजामुद्दीन की एमएलसी सफदरजंग अस्पताल से प्राप्त की। दोनों को गोली के छर्रे लगे थे। कमाल बयान देने की स्थिति में नहीं मिला। जबकि घायल राजू का भी अभी इलाज चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शी तनवीर अल्वी ने पुलिस को बयान दर्ज करवाया कि वह अपने दोस्त मोहम्मद आलम के साथ अल्वी चौक की ओर जा रहा था। शाम लगभग 6:30 बजे जब वे किट केयर रेस्टोरेंट के पास पहुंचे तो काले कपड़े पहने एक लड़का पीछे से आया और अचानक मोहम्मद कमाल को निशाना बनाकर 3-4 राउंड फायरिंग कर दी। इसके बाद वह मौके से भाग गया। गोली लगने से उसका दोस्त जमीन पर गिर गया और एक अन्य राहगीर भी घायल हो गया। इसी बीच उसने कुछ लोगों को चिल्लाते हुए सुना कि कबीर ने मोहम्मद कमाल पर गोली चला दी है। उन्होंने ऑटो किराये पर लेकर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। आलम के बयान पर हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अपराध के पीछे का मकसद पता लगाने और अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस की जांच जारी है। दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## पहले से गिरवी प्रॉपर्टी पर लिया था दो करोड़ का लोन

■ लंबे समय से फरार जालसाज आर्थिक अपराध शाखा ने किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने एक शातिर जालसाज को अरेस्ट किया है। इस पर पहले से गिरवी प्रॉपर्टी पर दो करोड़ का लोन लेकर अंडरग्राउंड होने का आरोप है। आरोपी का नाम मो. सलीम खान बताया गया है। डीसीपी विक्रम के पोरवाल ने अनुसार वर्तमान मामला धर्मपाल लांबा, मुख्य प्रबंधक, इलाहाबाद बैंक, करोल बाग शाखा की शिकायत पर दर्ज किया गया था। उन्होंने मोहम्मद सलीम खान और दीपा बत्रा पर आरोप लगाए थे। दरअसल सलीम खान ने एस.के. एंटरप्राइजेज का मालिक बनकर दो करोड़ का लोन लिया था। इस लोन के एवज में राजेंद्र नगर स्थित दीपा बत्रा के नाम की प्रॉपर्टी को अटैच करवाया गया था। 27 दिसंबर 2017 को लोन की किस्ते अदा न करने पर खाता एनपीए घोषित कर दिया गया। शिकायतकर्ता बैंक द्वारा आगे की कार्यवाही के दौरान यह पता चला कि बैंक में जमा किये गये प्रॉपर्टी के कागजात जाली और मनगढ़ंत थे। वह संपत्ति किसी अन्य बैंक के पास भी पहले से बंधक थी। आरोपी लगातार अंडरग्राउंड चल रहा था। उसे पकड़ने के लिये दिल्ली एनसीआर के संभावित ठिकानों पर कई बार छापे मारे गए लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया था। हाल ही में इनपुट मिला कि सलीम खान किसी मामले में अपने वकील से सलाह लेने के लिए तीस हजारी कोर्ट आ सकता है। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट के बाहर ट्रेप लगाया और सलीम खान को पकड़ लिया। आरोपी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक (बी.कॉम) किया है। 2010 में वह दिल्ली आया और एक सीए फर्म से अकाउंटेंट की ट्रेनिंग ली। इसके बाद एक कंपनी खोली और बैंक से जाली दस्तावेजों के आधार पर दो करोड़ का लोन हासिल कर फरार हो गया था।

### प्रॉपर्टी डीलर से 20 लाख की रंगदारी नहीं मिलने पर की थी फायरिंग

■ क्राइम ब्रांच ने दो और मध्य जिले के स्पेशल स्टाफ ने तीन को दबोचा

**नई दिल्ली।** आनंद पर्वत इलाके में प्रॉपर्टी डीलर से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और घर पर फायरिंग करने के आरोप में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया हैं। इनमें दो को क्राइम ब्रांच और तीन को स्पेशल स्टाफ मध्य जिला ने अरेस्ट किया है। इनसे दो पिस्टल, एक देसी कट्टा और पांच कारतूस बरामद हुये हैं। पुलिस के अनुसार 19 जुलाई की रात करीब 11 बजे एक घर पर फायरिंग को लेकर पीसीआर कॉल मिली थी। मौके पर शिकायतकर्ता विरमानंद ने बताया कि दो तीन युवक घर पर सामने से फायरिंग करते हुये स्कूटी से फरार हुए है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। पीड़ित पेशे से प्रॉपर्टी डीलर थे। पूछताछ में पता चला कि करीब एक महीने पहले भी राघव नाम से प्रोटक्शन मनी के तौर पर 20 लाख रुपयों की मांग की थी। पैसा नहीं देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई थी। केस की जांच के दौरान पुलिस ने 40 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले। बाद में राहुल उर्फ राघव और अश्वनी को क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया। इन्होंने फायरिंग केस में अपना हाथ होने का अपराध स्वीकार किया है। इन दोनों से पूछताछ के बाद मनीष, मोनू और योगेश को दबोचा गया। आरोपी योगेश प्रसाद नगर का बीसी है। उसने दोस्त मोनू के साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलर से रंगदारी की योजना बनाई थी। घटना वाले दिन मोनू और नीरज पीड़ति के घर स्कूटी से पहुंचे और फायरिंग कर दी। वहां से योगेश को वीडियो कॉल कर इन्होंने वारदात को अंजाम दिए जाने की पुष्टि भी की। इससे पहले 17 जुलाई को मोनू ने पीड़ति के पास कॉल कर 20 लाख की रंगदारी मांगी थी। डिमांड पूरी नहीं होने पर फायरिंग की गई।

### पॉलिसी के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले दो अरेस्ट

**नई दिल्ली।** द्वारका साइबर सेल ने खुद को एक नामी इंश्योरेंस कंपनी का एजेंट बताकर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। हाल ही में इन्होंने एक शख्स से छह लाख की धोखाधड़ी की थी। आरोपियों के नाम अश्वनी तिवारी और साहिल मल्होत्रा बताये गये हैं। दोनों यूपी के फैजाबाद और हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले हैं। इनके पास से धोखाधड़ी में इस्तेमाल दो मोबाइल फोन भी बरामद हुये हैं। पुलिस को ठगी की शिकायत 21 अप्रैल को मिली थी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | डीएचबीवीएन में रिवेम्प्ड वितरण सेक्टर स्कीम के तहत गुरूग्राम में एससीएडीए और डीएमएस/ओएमएस कार्यों का क्रियान्वयन। | 24.07.2023 05.09.2023 | ईएमडी 1.69 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 1244286730 cesmartcity@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | विद्युत नगर, हिसार में चालक के कमरे और पार्किंग एरिया समेत विद्युत सदन और डेटा सेंटर बिल्डिंग की हाईजैनिक क्लीनिंग / स्वीपिंग / सैनीटेशन हेतु सेवाओं का प्रावधान। | 27.07.2023 17.08.2023 | 45.68 लाख | www.dhbvn.org.in | 8168278305 xentm@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | ओपी वृत्त डीएचबीवीएन, सिरसा के तहत आई एंड पी पुलिस स्टाफ विजिलेंस हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड एवं विशिष्टी के अनुरूप मेक आउटसोर्स्ड आधार पर 01 अदद वाहन अर्थात जीप को किराये पर लेना। | 28.07.2023 18.08.2023 | 4.45 लाख | www.dhbvn.org.in | 166238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in |
| 4 | डीएचबीवीएन | एसडीओ ओपी सब डिवी. डीएचबीवीएन, माधो सिंघाना के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड एवं विशिष्टी के अनुरूप मेक आउटसोर्स्ड आधार पर 01 अदद वाहन अर्थात जीप को किराये पर लेना। | 28.07.2023 18.08.2023 | 4.45 लाख | www.dhbvn.org.in | 166238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in |
| 5 | डीएचबीवीएन | एसडीओ सिटी ओपी सब डिवी. डीएचबीवीएन, सिरसा के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड एवं विशिष्टी के अनुरूप मेक आउटसोर्स्ड आधार पर 01 अदद वाहन अर्थात जीप को किराये पर लेना। | 28.07.2023 18.08.2023 | 3.92 लाख | www.dhbvn.org.in | 166238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in |
| 6 | डीएचबीवीएन | एसडीओ ओपी सब डिवी. डीएचबीवीएन, डींग के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड एवं विशिष्टी के अनुरूप मेक आउटसोर्स्ड आधार पर 01 अदद वाहन अर्थात जीप को किराये पर लेना। | 28.07.2023 18.08.2023 | 4.45 लाख | www.dhbvn.org.in | 166238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in |
| 7 | डीएचबीवीएन | एसडीओ ओपी सब डिवी. डीएचबीवीएन, खारिया के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड एवं विशिष्टी के अनुरूप मेक आउटसोर्स्ड आधार पर 01 अदद वाहन अर्थात जीप को किराये पर लेना। | 28.07.2023 18.08.2023 | 4.45 लाख | www.dhbvn.org.in | 166238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in |
| 8 | डीएचबीवीएन | एक्सईएन सिटी डिवी. डीएचबीवीएन, सिरसा के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड एवं विशिष्टी के अनुरूप मेक आउटसोर्स्ड आधार पर 01 अदद वाहन अर्थात जीप को किराये पर लेना। | 28.07.2023 18.08.2023 | 4.15 लाख | www.dhbvn.org.in | 166238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/160/19743/I/88/7 दि. 27.07.23


## मुहर्रम पर ताजिया जुलूस को लेकर एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी में शुक्रवार और शनिवार को मुहर्रम मनाया जाएगा। इसके लिये ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। आम वाहन चालकों को जुलूस के समय कई मार्गों से बचने की सलाह दी गई है।

स्पेशल सीपी ट्रैफिक एसएस यादव ने बताया कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे ताजिया जुलूस छत्ता शहजाद, कलां महल से शुरु होगा और कमरा बंगश, चितली कबर, मटिया महल, जामा मस्जिद, चावडी बाजार, हौजकाजी से होकर गुजरेगा और इसी मार्ग से वापस विपरीत क्रम में ले जाया जाएगा। शुक्रवार रात करीब नौ बजे ही दूसरा जुलूस पुरानी पुलिस चौकी, अशोक बस्ती, कुतुब रोड, खारी बावली, लाल कुआं, हौज काजी, चावड़ी बाजार और जामा मस्जिद से होकर गुजरेगा और बाद में इसी रास्ते विपरीत क्रम में वापस जाएगा। निजामुदीन, ओखला और महरौली निकलने वाले ताजिए सीधे करबला पहुंचेंगे। पूर्वी जिला, उत्तर पूर्वी जिला, शाहदरा जिला, उत्तर पश्चिम जिला (इंद्रलोक व जहांगीरपुरी), दक्षिण पूर्वी जिला (निजामुदीन), दक्षिण व पश्चिम जिले में भी ताजिये निकाले जाएगें और सम्बंधित जिलों के स्थानीय करबला में खत्म होंगे। शनिवार 29 जुलाई को जुलूस सुबह 11 बजे कलां महल में इकट्ठा होगा पहाड़ी भोजला, चितली कबर, मटिया महल चौक, जामा मस्जिद, चावड़ी बाजार, हौजकाजी, अजमेरी गेट, पहाड़गंज पुल, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, चेम्सफोर्ड रोड, आउटर सर्किल कनॉट प्लेस, संसद मार्ग पर यूटर्न लेकर, दाहिने मुडकर रफी मार्ग, कृषि भवन, पटेल चौक, संसद मार्ग, संसद चौक, रफी मार्ग, सुनहरी बाग, कृष्णा मेनन मार्ग, गोल मेथी, तुगलक रोड, अरविंदो मार्ग, जोरबाग से करबला लोधी कॉलोनी तक पहुंचेगा। जुलूसों के मार्गों और आसपास की सड़कों पर यातायात धीमा होने और भीड़ होने की संभावना है। आम जनता और मोटर चालकों को सलाह दी जाती है कि उपरोक्त मार्गों से बचे और असुविधा से बचने के लिये जुलूस के सभी मार्गों पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें। फेसबुक और ट्वीटर आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यातायात पुलिस द्वारा अपडेट का पालन करें। निर्बाध यात्रा के लिये यात्रियों को विशेष रूप से प्रभावित मार्गों पर मेट्रो सेवाओं का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज गुहला, कैथल | गांव बुदनपुर गुजरान में एस/घाट में आईएलपीबी का प्रावधान व बिछाना + 5 कार्य। | 25.07.2023 02.08.2023 | 17.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9255967323 sdopr.guhla@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक भिवानी, जिला भिवानी में खरीदने के लिये भवन सामग्री दरों हेतु फर्म को आमंत्रण। (पुनः निविदा) | 26.07.2023 31.07.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक लोहारु, जिला भिवानी में खरीदने के लिये भवन सामग्री दरों हेतु फर्म को आमंत्रण। (पुनः निविदा) | 26.07.2023 31.07.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक बवानी खेड़ा, जिला भिवानी में खरीदने के लिये भवन सामग्री दरों हेतु फर्म को आमंत्रण। (पुनः निविदा) | 26.07.2023 31.07.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक कैरू, जिला भिवानी में खरीदने के लिये भवन सामग्री दरों हेतु फर्म को आमंत्रण। (पुनः निविदा) | 26.07.2023 31.07.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक बहल, जिला भिवानी में खरीदने के लिये भवन सामग्री दरों हेतु फर्म को आमंत्रण। (पुनः निविदा) | 26.07.2023 31.07.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक सिवानी, जिला भिवानी में खरीदने के लिये भवन सामग्री दरों हेतु फर्म को आमंत्रण। (पुनः निविदा) | 26.07.2023 31.07.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में खरीदने के लिये भवन सामग्री दरों हेतु फर्म को आमंत्रण। (पुनः निविदा) | 26.07.2023 31.07.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सलारपुर माजरा, ब्लॉक सोनीपत में आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 25.07.2023 08.08.2023 | 54.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज बरवाला, पंचकूला | शामतु :- गांव शामतु, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला की विभिन्न गलियों में पानी की पाइप लाइन बिछाना + 1 कार्य। | 25.07.2023 31.07.2023 | 7.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in |
| 11 | पंचायती राज बरवाला, पंचकूला | भारौली :- गांव भारौली, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला के विभिन्न स्थानों में आईपीबी गली + 4 कार्य। | 25.07.2023 31.07.2023 | 22.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co. |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव रोलद लतीफपुर ब्लॉक सोनीपत में पंचायत भवन को पूरा करना + 2 कार्य। | 27.07.2023 03.07.2023 | 9.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा कैथल | इंटरविनिंग स्ट्रक्चर्स के निर्माण समेत आरडी 0 से 152500 तक राजौंद डिस्टी. की पुनः स्थापना। | बंद होने की तिथि 16.08.2023 | 3166.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746224253 xenwspdi@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | फतेहाबाद के लिये इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट की एक्सेसरीज की आपूर्ति। | 27.07.2023 03.08.2023 | ईएमडी 35000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 15 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | शाहबाजपुर डिस्टी. के कि.मी. 0.000 से 7.284 तक सर्विस रोड का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 16.08.2023 | 77.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/300/19774/I/88/7 दि. 27.07.23